परेशानी | कभी बंद तो कभी चालू रहने से बढ़ रही परेशानी

# रसल चौक का ट्रैफिक सिग्नल बना पहेली




**नवभारत,जबलपुर।** शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल रसेल चौक का ट्रैफिक सिग्नल इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। कभी सिग्नल चालू रहता है तो कभी अचानक बंद हो जाता है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सिग्नल के बार-बार बंद होने से चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। चारों दिशाओं से आने वाले वाहन एक साथ निकलने का प्रयास करते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। कार्यालय, स्कूल और बाजार जाने वाले लोगों को रोजाना जाम में फंसना पड़ रहा है।

### दुर्घटनाओं का बढ़ रहा खतरा

लोगों का कहना है कि सिग्नल के अनियमित संचालन के कारण कई बार वाहन आमने-सामने आ जाते हैं और दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। व्यस्त चौराहे पर यदि सिग्नल व्यवस्थित ढंग से काम न करे तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। शहर में आधुनिक यातायात व्यवस्था के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन रसल चौक जैसे प्रमुख चौराहे पर सिग्नल की यह स्थिति व्यवस्था की पोल खोल रही है। नागरिकों ने यातायात पुलिस और संबंधित विभाग से सिग्नल की तकनीकी खामियों को दूर कर नियमित संचालन सुनिश्चित करने की मांग की है। जब रसल चौक शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त चौराहों में गिना जाता है, तो आखिर यहां का ट्रैफिक सिग्नल कब तक कभी बंद और कभी चालू रहने की स्थिति में लोगों की परेशानी बढ़ाता रहेगा।

## 23 जून को होगा आम आदमी पार्टी का संभागीय सम्मेलन

**नवभारत, जबलपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन विस्तार, रणनीति और जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए 23 जून को सुबह 11 बजे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रानीताल में संभागीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश संगठन मंत्री एड. रामकिशोर शिवहरे ने बताया कि इसमें कटनी, डिंडोरी, मंडला, जबलपुर और दमोह के पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसका उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना और जनसमस्याओं पर आंदोलन की रणनीति बनाना है। सम्मेलन में मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर, अखिलेश त्रिपाठी और धर्मेंद्र सिंह रावत का मार्गदर्शन मिलेगा। इस दौरान जबलपुर शहर अध्यक्ष रितेश सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा, कटनी जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगरा, डिंडोरी जिला अध्यक्ष एड. निर्मल साहू, मंडला जिला अध्यक्ष पंकज सोनी और दमोह जिला अध्यक्ष प्रकाश लारिया सहित संभाग के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जबलपुर शहर अध्यक्ष रितेश सिंह ने सभी से समय पर पहुँचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।



# बढ़ती रौनक के बीच पार्किंग व्यवस्था बनी चुनौती

**शाम के समय फूड हब पर उमड़ रही भीड़, सड़क पर खड़े वाहनों से प्रभावित हो रही यातायात व्यवस्था**

**नवभारत , जबलपुर ।** जबलपुर के अधारताल चौपाटी क्षेत्र में शाम होते ही लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिलती है। परिवार, युवा और बच्चे यहां खानपान व मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बढ़ती भीड़ के साथ पार्किंग व्यवस्था अव्यवस्थित नजर आती है। सड़क और चौपाटी के किनारों पर बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खड़े होने से आने-जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर वाहन इस तरह पार्क किए जाते हैं कि पैदल चलने वालों और अन्य वाहनों के लिए रास्ता संकरा हो जाता है। नवभारत की टीम द्वारा शनिवार को कि गई पड़ताल में देखा गया अधारताल चौपाटी शहर के प्रमुख फूड हब के रूप में तेजी से विकसित हो रही है, लेकिन सुविधाओं का विस्तार उसी अनुपात में नहीं हो पाया है।

### शाम होते ही बढ़ जाती है भीड़

अधारताल चौपाटी पर शाम 6 बजे के बाद बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। परिवार, युवा और बच्चे फूड स्टॉल्स पर समय बिताने आते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ जाती है।

### सड़क पर ही बन रही पार्किंग लाइन

स्टॉल्स के सामने ग्राहक अपने वाहन तुरंत खड़े कर देते हैं। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण दोपहिया वाहन सड़क के दोनों किनारों पर खड़े किए जा रहे हैं। इससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत होती है।



## रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**जबलपुर, नवभारत।** सुप्तेसवर गणेश मन्दिर परिसर में रविवार को ज्योतिराज करुणा वेलफेयर सोसाइटी, जबलपुर के तत्वावधान में शासकीय सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया अस्पताल के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 151 यूनिट रक्तदान किया गया। यह रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव शंकर पाठक, रानू शर्मा, मंजू तिवारी, कोसर जहां, संजय जायसवाल, विजय कुमार तिवारी, जतिन यादव का योगदान रहा।

# सिटी कॉफी हाउस में पेंशनर्स की बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन की बैठक सिटी कॉफी हाउस में हुई। इसमें प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष एच. पी. उरमलिया ने बताया कि जबलपुर के 13 विधायकों व जनप्रतिनिधियों को पेंशनर्स पर लागू बंधनकारी धारा 49(6) की जानकारी दी गई है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में वर्ष 2000 से प्रभावी इस धारा के कारण पिछले 26 सालों में लाखों पेंशनर्स का अरबों रुपया महंगाई राहत के रूप में रोक लिया गया है, जबकि एक्ट में इसे रोकने या राज्य सरकार की सहमति का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने उदाहरण दिया कि 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड और बिहार से झारखंड सहित कुल छह राज्य बने, पर



वहां केंद्र ने यह धारा लागू नहीं की। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ सबका विकास' के तहत एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द उनसे बात करेगा। उन्होंने विरोध जताते हुए कहा कि सरकार ने पेंशन कार्यालय जबलपुर से भोपाल शिफ्ट कर दिया है, जिससे 80 से 85 वर्ष के बुजुर्ग पेंशनर्स परेशान हैं। पेंशनर्स ने इसे तुरंत जबलपुर वापस लाने की मांग की और सरकार द्वारा संस्कारधानी को गांव बनाने की योजना का घोर विरोध किया। बैठक में एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डे, मोहन अग्रवाल, आर.एस.सक्सेना, दिनेश चौधरी, आनंद कुमार शुक्ला, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, श्रवण कुमार श्रोती, शारदा प्रसाद शुक्ला, आर.के. श्रीवास्तव और उमेश हंश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गरीबी के कारण कोई नेत्रहीन न हो: दंडी स्वामी

**नवभारत, जबलपुर।** धर्मार्थ नेत्रालय नि:शुल्क शिविर पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने कहा कि कोई भी इंसान गरीबी के कारण उपचार के अभाव में नेत्रहीन न हो। मानव सेवा सनातन परंपरा है और इसी में ईश्वर के दर्शन होते हैं। अस्पताल उद्घाटन के वक्त मिली अंत:करण की प्रेरणा से ही धर्मार्थ नेत्रालय खोलने का संकल्प लिया था। कार्यक्रम में धर्मार्थ नेत्रालय सेवा समिति, कालीधाम शिष्य परिवार और संयोजक महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज ने जगत गुरु बाल गोविंदाचार्य, जगत गुरु राजारामाचार्य, कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद, पं. अनूप देव और डॉ. अविजित विश्नोई का स्वागत किया।



# जरा सी बरसात में सड़क बनी तालाब

**बारिश के बाद सड़क पर भरा पानी, आवागमन में लोगों को हुई परेशानी**

**नवभारत , जबलपुर ।** शहर में 21 जून को कई हिस्सों में रुक-रुक कर हुई बारिश ने जहां मौसम को सुहाना बना दिया, वहीं महाराजपुर क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति देखने को मिली। बारिश का पानी सड़क पर जमा होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने के कारण यातायात भी प्रभावित होता नजर आया। नवभारत की पड़ताल में सामने आया कि महाराजपुर मुख्य मार्ग पर बारिश के दौरान जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। क्षेत्रवासियों के अनुसार हर वर्ष बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भरता है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में जलभराव यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करता है।

### सड़क बनी अस्थायी तालाब

बारिश के बाद सड़क के एक बड़े हिस्से में पानी जमा हो गया, जिससे मार्ग किसी तालाब जैसा दिखाई देने लगा। दूर से आने वाले वाहन चालकों को सड़क और जलभराव के बीच अंतर समझने में भी कठिनाई हुई।

### दुर्घटना का रहता है खतरा

पानी भरने के कारण सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती है जिससे गड्ढों या क्षतिग्रस्त हिस्सों में वाहन फंसने अथवा अनियंत्रित होने का खतरा बना रहा। स्थानीय लोगों ने इसे दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने वाली स्थिति बताया।

# जीवन रक्षक दवाएं हर डिस्पेंसरी में उपलब्ध रहेंगी

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना सीजीएचएस की डिस्पेंसरी नम्बर 4 के प्रभारी अधिकारी डॉ आर पी रावत द्वारा आयोजित मासिक बैठक में जबलपुर के सीनियर सिटीजनों की विविध एसोसिएशनो के सलाहकार प्रतिनिधि मृगेन्द्र नारायण सिंह, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला, किशन लाल, एस बोस, सुरेंद्र तिवारी,नरेंद्र कोचर,राजेश सोनी,कंधी लाल विश्वकर्मा ने लाभार्थियों की स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में एम एन सिंह ने विशेष रूप से बताया गया कि अपर निदेशक डॉ ए के सुधांशु से मिले एक प्रतिनिधिमंडल ने जीवन रक्षक मेडिसन जैसे गम्भीर विषय को लेकर ऐसा आग्रह किया तभी अपनी



सहमति देते हुए अपर निदेशक डॉ सुधांशु ने नगर की सभी सीजीएचएस डिस्पेंसरी में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने आश्वस्त किया ताकि मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में लाभार्थियों द्वारा दवाओं की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाओं के वितरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार संबंधी सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मेडिसन सप्लायर पंकज नवाठे की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक के समापन पर डिस्पेंसरी स्टाफ प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक की व्यवस्थाओं और सफल बनाने में डिस्पेंसरी स्टाफ मनोज कुमार, लव डांगी, अनिल शुक्ला, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनन्द कुमार, रवि दहायत, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो, सहित सभी का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# बिना दरवाजे के मकान में घुसे चोर ले गए नगदी, जेवरात

**खेतों में खाली पड़ी मिली पेटी, अटैची, प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** चरगवां थाना अंतर्गत झरझर में चोरों ने बिना दरवाजे वाले मकान में धावा बोलते हुए जेवरात, नगदी पार कर दी और खाली पेटी, अटैची खेतों में फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है ।

पुलिस के मुताबिक कुंवर सिंह मरावी 50 वर्ष निवासी झरझर थाना चरगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके 2 बेटे हैं बड़े बेटे की शादी हो गई है। पूरा परिवार संयुक्त रूप से नये मकान में रहता है मकान में अभी दरवाजे नहीं लगे हैं। बीती रात लगभग 10 बजे परिवार सहित लाईट नहीं होने से घर के आंगन में सो गये थे, मकान की छत पर दोनों लड़के एवं दामाद राजेश सो रहे थे सुबह लगभग 6 बजे सोकर उठा, उसके घर के पीछे तरफओमप्रकाश के खेत की मेहढ़ पर लगे इमली के पड़े के पास उसके घर की अटैची खुली पड़ी थी सामान बिखरा पड़ा था उसने एवं उसकी पत्नी ने अंदर जाकर देखा तो सोने चांदी के जेवरात, नगदी 59 हजार रूपये गायब थे।




जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गए। अटेची इमली के पेड़ के पास खुली हुयी एवं टीन की पेटी रोड के दूसरी तरफगोविन्दी ठाकुर के खेत में बने एक गड्डे में खुली हुयी पड़ी मिली है।



## छावनी परिषद् जबलपुर में योगाभ्यास

**नवभारत,जबलपुर।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योगदिवस के अवसर पर छावनी परिषद् जबलपुर के तत्वाधान में रविवार को सुबह 7 से 8 बजे तक कार्यालय छावनी परिषद् जबलपुर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया । योगाभ्यास योगाचार्य शंकर लाल जडिया व इरविन्दर कौर ने द्वारा करवाया गया ।इसवर्ष योग दिवस की थीम ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' है ।यह थीम इस बात पर केंद्रित है कि बढ़ती उम्र के साथ लोग कैसे योग के माध्यम से शारीरिक रूप से सक्रिय मानसिक रूप से स्वस्थ और आत्मनिर्भर बने रह सकें ।कार्यक्रम में छावनी परिषद् जबलपुर के अधिकारी, कर्मचारी, मोतीलालनेहरू चिकित्सालय कास्टाफ स्कूलों के शिक्षक, छात्र मौजूद रहे।

# मध्य भारत एरिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य भारत एरिया की सभी सैन्य फ ॉर्मेशंस ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक एवं पूर्ण समर्पण के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर जबलपुर स्थित कोबरा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इनडोर स्टेडियम में एक विशाल सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वंद्रा जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया योग दिवस समारोह में शामिल हुए । विहंगम योग संस्थान के जय राम सिंह एवं उनकी समर्पित टीम के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुरूप एक व्यापक योग सत्र आयोजित किया गया। इस



कार्यक्रम में अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, अन्य रैंकों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी सहभागिता ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा शारीरिकए मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया।इस अवसर पर युवा योग प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

# ओवर टेक करने पर उपजा विवाद, दो पक्ष भिड़े, कई घायल

**जबलपुर।** बरगी में ओवर टेक करने पर उपजे विवाद के बाद दो पक्ष भिड़ गए । देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए । पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक अभिषेक झारिया 25 वर्ष निवासी सुदामानगर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है वह एवं अभिषेक प्रजापति, क्रिस गुप्ता के साथ अपने क्लाइंट से मिलने बाईक से बरगी आ रहा था तभी रास्ते में फोरव्हीलर गाड़ी ने उसके ओवर टेक करते हुये कट मार दिया एवं उसकी गाड़ी के सामने फोर व्हीलर गाड़ी लगा दी गाड़ी से एक व्यक्ति उतरा और उसकी कॉलर पकड़कर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, अभिषेक एवं क्रिस गुप्ता बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ भी मारपीट किये जिसके बाद चला गया, वह एवं उसके साथ वाले गाड़ी से बरगी आये बरगीनगर वायपास ब्रिज के नीचे पहुँचे तभी वही फोर व्हीलर गाड़ी वाले आये जिसमें 3-4 व्यक्ति थे उसकी गाड़ी रोकी फोर व्हीलर गाड़ी से सुशील साहू, सावन दुबे, राजा खान, आयुष परिहार उतरकर उसके साथ मारपीट करने लगे उसके साथी अभिषेक प्रजापति एवं क्रिस गुप्ता बचाने के लिये आये तो दोनों के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये। मारपीट से उसके हाथ पैर सिर एवं अभिषेक गुप्ता एवं क्रिस गुप्ता को भी शरीर में चोटें आयीं। वहीं सुशील साहू 40 वर्ष निवासी बसंतनगर बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोबाइल दुकान चलाता है, फोर व्हीलर में अपने साथी दुर्गेश बर्मन के साथ अपने गांव से बरगी आ रहा था रास्ते में मोटर सायकल में तीन व्यक्ति बैठे थे उसकी गाड़ी के बाजू से अचानक कट मार दिया तो उसने उन लोगों को चिल्लाकर बोला कि अच्छे से गाड़ी चलाओ, उन लोगों ने अपनी मोटर सायकल उसकी कार के सामने लगाकर उसका रास्ता रोके तथा तीनों उसके साथ मारपीट करने लगे, दुर्गेश बर्मन बीच बचाव किया मारपीट करते समय तीनों अभिषेक दाहिया, क्रिस गुप्ता और अभिषेक दाहिया, क्रिस गुप्ता और अभिषेक प्रजापति ने मारपीट कर बरगी तरफचले गये, वह अपनी कार में बैठकर दोस्त दुर्गेश बर्मन के साथ बरगी जाने के निकल गया थोड़ी देर बाद जैसे वह बरगीनगर वायपास ब्रिज के नीचे पहुँचा तो ये तीनों ने उसे रोका और अभिषेक दाहिया विवाद करने लगा, तीनों उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

लापरवाही | आवागमन में बाधा और हादसों का बढ़ा खतरा

# शहर की सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के कई क्षेत्रों में सड़क किनारे और बीच मार्ग पर रेत, गिट्टी, ईंट और अन्य निर्माण सामग्री खुलेआम पड़ी हुई है। निर्माण कार्य कराने वाले लोगों द्वारा सामग्री को सड़क पर ही रख दिए जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शहर के विजयनगर, गोरखपुर, राइट टाउन और नेपियर टाउन जैसे अन्य रिहायशी क्षेत्रों में सड़क का बड़ा हिस्सा निर्माण सामग्री से घिरा हुआ है। इससे पहले से ही संकरी सड़कों पर वाहनों की आवाजाही और मुश्किल हो गई है। कई स्थानों पर वाहन चालकों को एक-दूसरे को रास्ता देने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। मानसून के दौरान सड़क पर फैली रेत और गिट्टी फिसलन का कारण बन रही है। रात के समय पर्याप्त रोशनी न होने पर दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती।



### नियमों की अनदेखी जिम्मेदार विभाग मौन

नगर निगम के नियमों के अनुसार सार्वजनिक सड़कों पर निर्माण सामग्री फैलाना प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई हिस्सों में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। नागरिकों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों के हौसले बढ़ रहे हैं। जब सार्वजनिक सड़कें आम नागरिकों की सुविधा के लिए हैं, तो आखिर उन्हें निर्माण सामग्री का भंडारण स्थल बनाने वालों के खिलाफ जिम्मेदार विभाग सख्त कार्रवाई कब करेगा।

# समर कैम्प का हुआ सफलता पूर्वक समापन

**जबलपुर, नवभारत।** उमंग रेल सामुदायिक भवन में समर कैम्प के सफलता पूर्वक समापन समारोह का आयोजन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, जिला आयुक्त स्काउट वरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य एवं सहायक कार्मिक अधिकारी, सहायक जिला आयुक्त शचीपति नंदन के सानिध्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुति दी, बच्चों द्वारा हैंडीक्राफ्ट एवं मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जिसका अवलोकन भी अतिथियों द्वारा किया गया कार्यक्रम में राज्य मुख्यालय से राज्य संगठन आयुक्त रंजन कुमार सिंह उपस्थित थे जिला कार्यकारिणी से जिला




सचिव अनिल कुमार चौबे, संयुक्त सचिव संजीव कुमार तिवारी, जिला संगठन आयुक्त विमलेश कुमार तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त आशीष कुमार सोनकर, सांस्कृतिक सचिव रजनीश कुमार यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल वाजिद मंसूरी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन के सभी लीडर्स सीनियर रोवर्स रेंजर्स का भरपूर सहयोग रहा। बच्चों के इस कार्यक्रम में उनके अभिभावकों में पधार कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र में मनाया गया योग दिवस

**नवभारत, जबलपुर।** नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र, अवधपुरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग से नशा मुक्ति' कार्यक्रम हुआ। इसमें योगाचार्य ख्याली राम रघुवंशी ने योगासन की विभिन्न विधाएं सिखाते हुए बताया कि नियमित योग व मेडिटेशन से तनाव दूर होता है, व्यक्ति रोग मुक्त रहता है और नशा छोड़ने में मदद मिलती है। यहाँ उपस्थित सभी लोगों ने बताए गए योगासन व सूर्यनमस्कार किए और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगाचार्य ख्याली राम रघुवंशी, हेमंत सोलंकी, डॉ. सरकार, नीरज रजक, रश्मि सोलंकी, श्वेता मिश्रा, शिवानी जाटव, अशोक ठाकुर और संतोष बर्मन आदि उपस्थित रहे।